ई-बाइक व कार खरीदने वालों को छूट देने के निर्देश

- पांच हजार वाहनों पर जल्द मिलेगी सब्सिडी
- ई-वाहन डीलरों को आरटीओ ने निर्देश दिए

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। इलेक्ट्रिक वाहन खरीद चुके और खरीदने वाले दोनों के लिए अच्छी खबर है। अपने डीलर से संपर्क करके छूट के लिए पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में बुधवार को आरटीओ प्रशासन रामफेर द्विवेदी ने ई वाहन डीलरों के साथ बैठक की। इसमें ई-वाहन खरीद पर सब्सिडी का लाभ जल्द वाहन मालिकों को दिए जाने के निर्देश दिए।

आरटीओ ने बताया कि लखनऊ में सब्सिडी से लाभान्वित होने वाले इलेक्ट्रिक वाहन स्वामियों की संख्या 5000 के करीब होगी। इलेक्ट्रिक स्कूटी और स्कूटर की संख्या सबसे ज्यादा है। व्यावसायिक वाहन सब्सिडी के दायरे में नहीं आएंगे। सिर्फ दोपहिया और चार पहिया वाहन ही इस दायरे में आ रहे हैं। उन्हें सब्सिडी का लाभ देना शुरू किया जा रहा है। जो लोग पहले से वाहन खरीद चुके हैं, उनको फोन पर डीलर सूचित करें या फिर ईमेल करें और उनसे पोर्टल पर सब्सिडी के लिए एप्लीकेशन डलवाकर आरटीओ कार्यालय को भेजें।